Pass the journal entries in the books of new firm after considering the following adustments and also prepare its Balance Sheet :

(a) Goodwill is valued for A ₹ 14,400 and for B ₹ 4,800.

(b) Provision is made for doubtful debts @ 5% for A's debtors and 6% for B's debtors.

(c) Stock of both are valued at 5% less.

(d) Machinery of A @ 10% and of B @ 12.5% is written down.



Roll No. ...............................

# DD–2003

## B. Com. (Part I) EXAMINATION, 2020

(Group–I : Compulsory)

Paper First

FINANCIAL ACCOUNTING

*Time : Three Hours*

*Maximum Marks : 75*

**नोट : सभी पाँच प्रश्नों के उत्तर दीजिए। प्रत्येक इकाई से एक प्रश्न करना अनिवार्य है। सभी प्रश्नों के अंक समान हैं।**

**Attempt all the *five* questions. *One* question from each Unit is compulsory. All questions carry equal marks.**

### इकाई—1

### (UNIT—1)

1. (अ) पुस्तपालन एवं लेखाकर्म में क्या अन्तर है ? 5

**What is the difference between Book-keeping and Accountancy ?**

(ब) 20 अक्टूबर, 2019 को प्रदीप ने सुनील से स्वर्ण कर्णफूल के 10 दर्जन जोड़े ₹ 300 प्रति जोड़े के भाव से खरीदे, जिस पर 10% व्यापारिक छूट तथा 10 दिन के अंदर

भुगतान करने पर 8% नकद छूट दिए जाने की व्यवस्था है। 26 अक्टूबर, 2019 को प्रदीप ने 20 जोड़े स्वर्ण कर्णफूलों को वापस कर दिया तथा 29 अक्टूबर, 2019 को अपने खाते के पूर्ण शोधनार्थ धनादेश भेजा।

दोनों पक्षों की पुस्तकों में जर्नल के लेखे कीजिए तथा प्रदीप की पुस्तकों में सुनील का खाता खोलिए। 10

On October 20, 2019 Pradeep purchase 10 doz pairs of golden ear-rings from Sunil @ ₹ 300 per pair, on which there is a provision of a trade discount of 10% and on payment within 10 days a cash discount of 8%. On October 26, 2019 Pradeep returned 20 pairs of golden ear-rings and on October 29, 2019 he sent a cheque for full settlement of his account.

Make Journal Entries in the books of both the parties and open Sunil's Account in the books of Pradeep.

अथवा

(*Or*)

पूँजीगत व्यय और आयगत व्ययों से आप क्या समझते हैं ? इसकी अलग-अलग विशेषताएँ बताइए। इन दोनों में अन्तर करना क्यों आवश्यक है ?

What do you understand by Capital Expenditure and Revenue Expenditure ? Explain its various features. Why differentiation is necessary between two ?

## इकाई—2

## (UNIT—2)

2. मि. भगवती प्रसाद की पुस्तकों से 31 मार्च, 2019 को अग्रांकित शेष लिए गए हैं :





| | ₹ |
|---|---|
| पूँजी | 2,45,000 |
| आहरण | 20,000 |
| सामान्य व्यय | 25,000 |
| भवन | 1,10,000 |
| मशीनरी | 93,400 |
| प्रारम्भिक स्टॉक | 1,62,000 |
| कोयला व शक्ति | 22,400 |
| कर व बीमा | 13,150 |
| मजदूरी | 72,000 |
| देनदार | 62,800 |
| लेनदार | 25,000 |
| अपहार / बट्टा (डेबिट) | 5,500 |
| ऋण | 78,800 |
| विक्रय | 6,53,600 |
| क्रय | 4,70,000 |
| मोटर-कार | 20,000 |
| डूबत ऋण आयोजन | 9,000 |
| कमीशन (क्रेडिट) | 13,200 |
| कार के व्यय | 18,000 |
| देय बिल | 38,500 |
| नकदी | 800 |
| बैंक अधिविकर्ष | 33,000 |
| दान | 1,050 |

निम्नलिखित समायोजनों के बाद 31 मार्च, 2019 को समाप्त होने वाले वर्ष के लिए अंतिम लेखे तैयार कीजिए :

(i) ₹ 1,600 डूबत ऋण के अपलिखित कीजिए एवं देनदारों पर 5% डूबत ऋण के लिए प्रावधान कीजिए।

(ii) मशीनरी पर 10% और मोटर कार पर 12% अवक्षयण की गणना कीजिए।

(iii) ₹ 7,500 ऋण पर ब्याज देना बाकी है।

(iv) ₹ 2,500 प्रतिवर्ष हस्तांतरित करके एक दान कोष आरम्भ करने का निश्चय किया गया।

(v) कार के व्यय तथा ह्रास का 1/3 स्वामी के खाते में लगाना है।

(vi) 31 मार्च, 2019 को मूल्यांकित स्टॉक ₹ 2,35,000 है।

The following balances are extracted on 31st March, 2019 from the books of Mr. Bhagwati Prasad :

| | ₹ |
|---|---|
| Capital | 2,45,000 |
| Drawings | 20,000 |
| General Expenses | 25,000 |
| Building | 1,10,000 |
| Machinery | 93,400 |
| Opening Stock | 1,62,000 |
| Coal and Power | 22,400 |
| Tax and Insurance | 13,150 |
| Wages | 72,000 |
| Debtors | 62,800 |
| Creditors | 25,000 |
| Discount (Dr.) | 5,500 |
| Loan | 78,800 |
| Sales | 6,53,600 |
| Purchases | 4,70,000 |
| Motor Car | 20,000 |
| Provision for Bad Debts | 9,000 |
| Commission (Cr.) | 13,200 |
| Car Expenses | 18,000 |
| Bills Payable | 38,500 |
| Cash | 800 |
| Bank Overdraft | 33,000 |
| Donation | 1,050 |





Prepare the Final Accounts for the year ending on 31st March, 2019 after taking into accounts the following adjustments :

(i) Write-off ₹ 1,600 for Bad debts and make a provision for Bad Debts 5% on Debtors.

(ii) Depreciate Machinery by 10% and Motor Car by 12%.

(iii) Interest of ₹ 7,500 is outstanding on Loan.

(iv) It was decided to transfer ₹ 2,500 every year to Charity Fund.

(v) 1/3 of car expenses and depreciation amount is to be transferred to owner's account.

(vi) Stock valued on 31st March, 2019 was ₹ 2,35,000.

अथवा

*(Or)*

(अ) सैद्धान्तिक अशुद्धियों को उदाहरण सहित समझाइए।

Explain with example errors of principle.

(ब) एक व्यापारी की परीक्षा सूची में ₹ 1,500 का अंतर पाया गया जिसे निलम्बित खाते में Dr. कर दिया गया। तत्पश्चात् निम्नलिखित त्रुटियाँ पाई गईं। संशोधन प्रविष्टियाँ कीजिए एवं निलम्बित खाता बनाइए :

(i) विक्रय खाते का योग ₹ 800 से कम लगाया गया।

(ii) ₹ 2,000 रामप्रसाद को दिये किन्तु उसके खाते में ₹ 200 ही खताए गए।

(iii) मनीष को दी गई उपहार राशि ₹ 200 रवीश के खाते में डेबिट की गई।

(iv) ₹ 2,500 मालिक ने निजी उपयोग हेतु निकाले जो यात्रा व्यय खाते में डेबिट कर दिये गए।

(v) अर्चना से प्राप्त ₹ 900 ब्याज के उसके खाते में क्रेडिट कर दिए गए।

A trader found difference of ₹ 1,500 in his Trial Balance, which he debited to Suspense account. Afterward the following errors were found. Give correction entries and also prepare Suspense A/c :

(i) The Sales account was undercasted by ₹ 800.

(ii) ₹ 2,000 paid to Ramprasad was posted as ₹ 200 in his account.

(iii) Discount Allowed to Manish of ₹ 200, was wrongly debited to Ravish's A/c.

(iv) Proprietor withdrew ₹ 2,500 for personal use, was debited to Travelling Expenses A/c.

(v) Interest Received from Archana ₹ 900 but was credited to her account.





## इकाई—3

## (UNIT—3)

3. सेजल लि. के मशीनरी खाते में 1 अप्रैल, 2019 को ₹ 40,500 का शेष था। ह्रास 10% वार्षिक की दर से क्रमागत ह्रास विधि द्वारा लगाया जाता है। 1 अक्टूबर, 2019 को कम्पनी ने एक मशीन जो बेकार हो गई थी, ₹ 8,750 में बेच दी जिसे 1 अप्रैल, 2017 को ₹ 12,500 में क्रय किया गया था। उसी दिन कम्पनी ने ₹ 25,000 की एक नयी मशीन क्रय की। 31 मार्च, 2020 को कम्पनी के संचालकों ने 1 अप्रैल, 2017 से क्रमागत ह्रास पद्धति के स्थान पर स्थायी किश्त पद्धति अपनाने का निर्णय लिया।

कम्पनी की पुस्तकों में वर्ष 2019-20 का मशीनरी खाता खोलिए।

Sejal Ltd. has a balance of ₹ 40,500 on 1st April, 2019 in its machinery account. 10% p. a. depreciation was charged by diminishing balance method. On 1st October, 2019 the company sold a machine as it is useless for ₹ 8.750 which was purchased on 1st April, 2017 for ₹ 12,500. On the same date the company purchased a new machine for ₹ 25,000. On 31st March, 2020 the directors of the company decided to adopt the fixed method of depreciation instead of diminishing method from 1st April, 2017.

Open Machinery Account in the books of company for 2019-20.

अथवा

*(Or)*

प्राप्ति-भुगतान खाते तथा आय-व्यय खाते में क्या अन्तर है ? प्राप्ति एवं भुगतान खाते को आय एवं व्यय खाते में किस प्रकार रूपान्तरित किया जाता है ?

What are the differences between Receipts and Payments Account and Income and Expenditure Account ? How is Receipts and Payments Account converted into Income and Expenditure Account ?

इकाई—4

(UNIT—4)

4. रमन ने 1 अप्रैल, 2016 को एक कार भूपेश से किश्त भुगतान पद्धति पर क्रय की। कार का रोकड़ मूल्य ₹ 4,00,000 था और ब्याज 10% प्रतिवर्ष लगाया जाता था।

अंतिम किश्त को छोड़कर प्रत्येक किश्त ₹ 1,20,000 की थी जो कि 31 मार्च, 2017, 2018 एवं 2019 को दी जाती थी और अन्तिम किश्त ₹ 1,48,720 की थी जो कि 31 मार्च, 2020 को दी जानी थी। अवक्षयण (ह्रास) 20% प्रतिवर्ष क्रमागत ह्रास पद्धति से लगाया जाता है। प्रत्येक किश्त में शामिल ब्याज व रोक मूल्य की गणना कीजिए तथा रमन की पुस्तकों में आवश्यक खाते खोलिए।

Raman purchased a car on 1st April, 2016 from Bhupesh on instalment payment system. The cash price of the car was ₹ 4,00,000 and interest charged at 10% p. a.

The instalments to be paid were ₹ 1,20,000 each at the end of each year 31st March, 2017, 2018 and 2019 and last instalment is to be paid on 31st March, 2020 ₹ 1,48,720. Depreciation is to be charged @ 20% per annum on Diminishing Balance method. Calculate the amount of interest and cash price in each instalment and open the necessary Ledger Accounts in the books of Raman.

अथवा

*(Or)*

किराया क्रय पद्धति से सम्पत्ति का विक्रय करते समय क्रेता तथा विक्रेता दोनों पक्षों की पुस्तकों में की जाने वाली पंजी प्रविष्टियाँ दीजिए।

Mention the entries necessary in the books of the buyer as well as the seller when goods are sold on hire-purchase system.





इकाई—5

(UNIT—5)

5. X, Y तथा Z का चिट्ठा 31 मार्च, 2019 को निम्नांकित था, जबकि उन्होंने साझेदारी के समापन का निर्णय किया :

| | ₹ | | ₹ |
|---|---|---|---|
| लेनदार | 2,000 | सम्पत्तियाँ | 49,000 |
| X का ऋण | 5,000 | | |
| पूँजी खाते : ₹ | | | |
| X 15,000 | | | |
| Y 18,000 | | | |
| Z 9,000 | 42,000 | | |
| | 49,000 | | 49,000 |

सम्पत्तियों पर निम्नांकित राशि किश्तों में वसूल हुइ :

प्रथम किश्त ₹ 1,000, द्वितीय किश्त ₹ 3,000 तृतीय किश्त ₹ 3,900, चतुर्थ किश्त ₹ 6,000, पाँचवीं किश्त ₹ 20,000।

यह मानकर कि उनका लाभालाभ अनुपात 2 : 2 : 1 है, रोकड़ के अंशानुसार वितरण के लिए एक विवरण पत्र बनाइए।

Following is the Balance Sheet of X, Y and Z on 31st March, 2019 when they decided to dissolve the partnership :

| | ₹ | | ₹ |
|---|---|---|---|
| Creditors | 2,000 | Assets | 49,000 |
| X's loan | 5,000 | | |
| Capital A/c : ₹ | | | |
| X 15,000 | | | |
| Y 18,000 | | | |
| Z 9,000 | 42,000 | | |
| | 49,000 | | 49,000 |

The assets realised the following sums in instalments : First instalment ₹ 1,000, Second instalment ₹ 3,000, Third instalment ₹ 3,900; Fourth instalment ₹ 6,000 and Fifth instalment ₹ 20,000.

Prepare a statement for piecemeal distribution of cash assuming that their profit sharing ratio is 2 : 2 : 1.

अथवा

*(Or)*

A और B ने, जो अलग-अलग एक एकाकी व्यापारी के रूप में व्यापार कर रहे थे। 1 अप्रैल, 2019 को एकीकरण करने का निश्चय किया। उक्त तिथि को उनके स्थिति विवरण निम्न थे :

| दायित्व | A (₹) | B (₹) |
|---|---|---|
| लेनदार | 19,200 | 16,800 |
| बैंक अधिविकर्ष | 7,200 | 6,000 |
| पूँजी | 33,600 | 14,400 |
| | 60,000 | 37,200 |

| सम्पत्तियाँ | A (₹) | B (₹) |
|---|---|---|
| मशीनरी | 12,000 | 7,200 |
| रहतिया | 9,600 | 6,000 |
| देनदार | 36,000 | 22,800 |
| रोकड़ | 2,400 | 1,200 |
| | 60,000 | 37,200 |





निम्नलिखित समायोजन करते हुए साझेदारी फर्म की पुस्तकों में जर्नल के आवश्यक लेखे कीजिए तथा उसका प्रारम्भिक चिट्ठा तैयार कीजिए :

(अ) ख्याति के लिए A को ₹ 14,400 से तथा B को ₹ 4,800 से क्रेडिट किया जाये।

(ब) A के देनदारों पर 5% तथा B के देनदारों पर 6% संदिग्ध ऋणों के लिए आयोजन किया जाए।

(स) दोनों के रहतिया के मूल्य में 5% कमी की जाये।

(द) A की मशीनरी को 10% से और B की मशीनरी को 12.5% से अपलिखित किया जाए।

A and B were doing business separately. On 1st April, 2019 they decided to amalgamate their business. Balance Sheets of both were as follows on the date :

| Liabilities | A (₹) | B (₹) |
|---|---|---|
| Creditors | 19,200 | 16,800 |
| Bank Overdraft | 7,200 | 6,000 |
| Capital | 33,600 | 14,400 |
| | 60,000 | 37,200 |

| Assets | A (₹) | B (₹) |
|---|---|---|
| Machinery | 12,000 | 7,200 |
| Stock | 9,600 | 6,000 |
| Debtors | 36,000 | 22,800 |
| Cash | 2,400 | 1,200 |
| | 60,000 | 37,200 |